# Opioid का ओवरडोज़ होन पर कार्यवाही करना


## 1 जाँचें: क्या यह opioid के ओवरडोज़ का परिणाम है?

**निम्नलिखित लक्षणों पर नज़र रखें और सुनें:**

- धीमी या कोई साँस नहीं
- गड़गड़ाना, हाँफना या खर्राटे मारना
- चिपचिपी, ठंडी त्वचा
- नीले या धूसर होंठ या नाखून
- दवाइयों की शीशियाँ, सुइयाँ या अल्कोहल



**उन्हें जगाने का प्रयास करें:**



- उन्हें हिलाएँ और उनका नाम पुकारें।
- अपने पोरों से उनकी छाती की हड्डी को ज़ोर से रगड़ें।

**यदि वे जागते नहीं हैं, तो आपको तेज़ी से कुछ करने की आवश्यकता है!**

## 2 911 पर कॉल करें।




- यह बताएँ कि आप कहाँ हैं और यह भी कि व्यक्ति साँस नहीं ले पा रहा है।
- आपको ड्रग या दवाइयों के बारे में कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं।

### गुड समारटिन लॉ

यदि आपको ओवरडोज़ या अल्कोहल विषाक्तन के लिए मेडिकल सहायता मिलती है, तो आपसे और पीड़ित से ड्रग के उपयोग, उसके स्वामित्व या कम उम्र में पीने के लिए शुल्क नहीं लिया जा सकता।



WA RCW 69.50.315

## 3 नैलोक्सोन दें और रेस्क्यू ब्रीदिंग शुरू करें।

- **नैलोक्सोन दें।** पैकेज पर दिए गए या ओवरडोज़ रेस्क्यू किट में दिए गए निर्देशों का पालन करें।
- **रेस्क्यू ब्रीदिंग शुरू करें।**
- यदि वे 3-5 मिनट के भीतर प्रतिक्रिया नहीं देते हैं, तो **नैलोक्सोन का दूसरा डोज़ दें। रेस्क्यू ब्रीदिंग जारी रखें।**



**नैलोक्सोन न होने की स्थिति में भी रेस्क्यू ब्रीदिंग जारी रखें। ऑक्सीजन महत्त्वपूर्ण है!**

### रेस्क्यू ब्रीदिंग



- सिर को पीछे की ओर झुकाएँ। ठुड्डी को ऊपर उठाएँ। नाक की चिकोटी काटें।
- **2 बार तेज़ी से साँस भरने में मदद करें।** छाती फूलनी चाहिए।
- फिर हरेंं **5 सेकंड में 1 बार साँस भरने में मदद करें।**
- वे साँस लेना शुरू करने तक या सहायता मिलने तक **ऐसा करते रहे**।

## 4 उनके साथ रहें।

- यदि वे जाग जाएँऔर साँस लेना शुरू कर दें, तो भी उनके साथ रहें।
- **चिकित्सा सहायता आने तक व्यक्ति के साथ रहें** नैलोक्सोन का असर 30-90 मि नटों के भीतर खत्म हो जाता है। जब ऐसा होता है, तो व्यक्ति का साँस लेना फिर से बंद हो सकता है।
- यदि आपको जाने की ज़रूरत है, तो उन्हें रिकवरी स्थिति में और ऐसे स्थान पर छोड़ दें जहाँ उन्हें तेज़ी से ढूँढा जा सके।



### रिकवरी स्थिति

